# कैमूर चेतना – सत्र

## बिहार शिक्षा परियोजना कैमूर द्वारा सभी विद्यालयों के लिए प्रकाशित




**20 सितम्बर 2025 शनिवार**

**कैमूर अंक- 70**


- ❖ संपादकीय
- ❖ हमारे प्रेरणा स्रोत
- ❖ प्रार्थना
- ❖ बिहार राज्य गीत
- ❖ संविधान की प्रस्तावना
- ❖ राष्ट्रगान
- ❖ आज का सुविचार
- ❖ रोचक तथ्य
- ❖ दिवस विशेष
- ❖ सामान्य ज्ञान
- ❖ शब्द ज्ञान
- ❖ तर्क ज्ञान
- ❖ कंप्यूटर ज्ञान
- ❖ प्रेरक प्रसंग
- ❖ बूझो तो जाने
- ❖ सुरक्षित शनिवार
- ❖ विभागीय सूचना


### सितम्बर - 2025 कैलेंडर

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मानव जाति की प्रगति की कुंजी हैं। - जवाहर लाल नेहरू | 1 भाद्रपद शु. 9 | 2 भाद्रपद शु. 10 | 3 भाद्रपद शु. 11 | 4 भाद्रपद शु. 12 | 5 भाद्रपद शु. 13 | 6 भाद्रपद शु. 14 |
| 7 भाद्रपद शु. 15 | 8 आश्विन कृ. 1 | 9 आश्विन कृ. 2 | 10 आश्विन कृ. 3 | 11 आश्विन कृ. 4 | 12 आश्विन कृ. 5 | 13 आश्विन कृ. 6 |
| 14 आश्विन कृ. 7 | 15 आश्विन कृ. 8-9 | 16 आश्विन कृ. 10 | 17 आश्विन कृ. 11 | 18 आश्विन कृ. 12 | 19 आश्विन कृ. 13 | 20 आश्विन कृ. 14 |
| 21 आश्विन कृ. 30 | 22 आश्विन शु. 1 | 23 आश्विन शु. 2 | 24 आश्विन शु. 3 | 25 आश्विन शु. 4 | 26 आश्विन शु. 4 | 27 आश्विन शु. 5 |
| 28 आश्विन शु. 6 | 29 आश्विन शु. 7 | 30 आश्विन शु. 8 | व्रत व त्यौहार [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |




## बिहार शिक्षा परियोजना कैमूर

### स्वच्छता पखवाड़ा

**शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी कार्ययोजना**

**दिनवार मुख्य गतिविधियाँ**

**16 सितम्बर – स्वच्छता शपथ दिवस**

1. सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षकों द्वारा स्वच्छता शपथ
2. स्वच्छता संदेश का प्रसार (सोशल मीडिया/वेबसाइट)

**17-18 सितम्बर – स्वच्छता जागरूकता दिवस**

1. अभिभावक-शिक्षक बैठक में स्वच्छता व हाथ धोने का महत्व
2. विद्यालय में शौचालय व सफाई व्यवस्था की जाँच
3. जल जीवन मिशन व जल शक्ति अभियान से जुड़ी गतिविधियाँ

**19 सितम्बर – ग्रीन स्कूल ड्राइव**

1. पानी बचाओ, प्लास्टिक हटाओ नारे/पोस्टर2)
2. छात्रों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करना

**20-21 सितम्बर – सामुदायिक जनजागरूकता दिवस**

1. शिक्षक व छात्र गाँवों में स्वच्छता संदेश फैलाएँ2)
2. जल संरक्षण व शौचालय उपयोग पर ज़ोर

**22-23 सितम्बर – हैंडवॉश दिवस**

1. हाथ धोने की सही विधि सिखाना2)
2. दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु विशेष सुविधाएँ सुनिश्चित करना
3. जल बचाने की शिक्षा

**24-25 सितम्बर – स्वच्छता सहभागिता दिवस**

1. निबंध, चित्रकला, भाषण, वाद-विवाद, मॉडल प्रतियोगिता

**26 सितम्बर – व्यक्तिगत स्वच्छता दिवस**

1. नाखून काटना, स्नान, साफ कपड़े पहनना, मास्क का सही प्रयोग
2. शौचालय व पानी की सही आदतें सिखाना

**27 सितम्बर – स्कूल प्रदर्शनी दिवस**

1. स्वच्छता से जुड़ी प्रदर्शनी – निबंध, पेंटिंग, कार्टून, मॉडल
2. स्थानीय सामग्री से उपयोगी वस्तुएँ बनाना

**28-29 सितम्बर – कार्ययोजना दिवस**

1. बाल संसद/एसएमसी की बैठक
2. नए सुझाव लेकर मंत्रालय को भेजना

**30 सितम्बर – पुरस्कार वितरण दिवस**

1. प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मान
2. पूरे पखवाड़े की गतिविधियों का संकलन व प्रस्तुति---

सुमित कुमार
प्राथमिक विद्यालय डारीडीह, भभुआ (कैमूर)

परिकल्पना सहयोग :
चेतना - सत्र संसाधन निर्माण कोषांग
प्रकाशक :
बिहार शिक्षा परियोजना एवं शिक्षा विभाग , कैमूर

चेतना - सत्र
संसाधन सामग्री निर्माण कोषांग
सदस्य सह संपादकीय समूह



सुमित कुमार
प्राथमिक विद्यालय डारीडीह, भभुआ, कैमूर



शिव कुमार गुप्ता
राजकीयकृत मध्य विद्यालय नीमी, भभुआ कैमूर

सभी विद्यालयों के शिक्षक 'कैमूर चेतना – सत्र' के ग्रुप में जुड़ना सुनिश्चित करें ताकि चेतना सत्र की प्रति सभी को आसानी से प्राप्त हो

कार्यालय, बिहार शिक्षा परियोजना
शिक्षा भवन , भागीरथी मुक्ताकाश मंच , भभुआ (कैमूर )
पिनकोड – 821101

ईमेल –
chetnakaimur@gmail.com

# हमारे प्रेरणा स्त्रोत

## एनी बेसेंट



आयरिश-ब्रिटिश आध्यात्मिक, समाज सुधारक और भारतीय स्वतंत्रता सेनानी

| | | |
|---|---|---|
| जन्म | : | 1 अक्टूबर 1847, लंदन |
| निधन | : | 20 सितंबर 1933 , चेन्नई |

एनी बेसेंट (1847-1933) एक आयरिश-ब्रिटिश आध्यात्मिक, समाज सुधारक और भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थीं, जिन्होंने भारत को अपना दूसरा घर बनाया | वह थियोसोफिकल सोसाइटी की सदस्य बनीं, 1917 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष बनीं और 1916 में इंडियन होमरूल लीग की स्थापना की |

### प्रारंभिक जीवन और शिक्षा

**जन्म:**
एनी बेसेंट का जन्म 1 अक्टूबर 1847 को लंदन में हुआ था, उनका जन्म का नाम एनी वुड था |

**शिक्षा:**
पांच साल की उम्र में पिता की मृत्यु के बाद, उनकी माँ ने उनका पालन-पोषण किया. उन्होंने शिक्षाविद 'सुश्री मेरियट' की मदद से शिक्षा प्राप्त की और लैटिन और फ्रेंच भाषाओं का अध्ययन किया |

### समाज सुधार और नारीवाद

एक नारीवादी के रूप में, उन्होंने महिला अधिकारों, जन्म नियंत्रण और श्रमिकों के अधिकारों का समर्थन किया |
1888 में, उन्होंने लंदन में महिला मज़दूरों की हड़ताल में मदद की, जिसके कारण उनकी कार्य स्थितियों में सुधार हुआ |

### थियोसोफी और भारत :

हेलेना ब्लावात्स्की से मिलने के बाद, वह थियोसोफिस्ट बन गई और उन्होंने हिंदू धर्म और उसकी आध्यात्मिक अवधारणाओं में रुचि विकसित की.
भारत आने के बाद, उन्होंने 1898 में वाराणसी में सेंट्रल हिंदू स्कूल की स्थापना की, और 1916 में मदन मोहन मालवीय के साथ बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के निर्माण में मदद की |

भारत का स्वतंत्रता आंदोलन
1916 में, उन्होंने इंडियन होमरूल लीग की स्थापना की, जो ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारत के लिए स्वशासन की मांग कर रही थी. उन्हें उनकी सक्रियता के कारण जेल भी भेजा गया था, जिसने भारतीयों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई |
1917 में, वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष बनीं.

### योगदान और विरासत :

एनी बेसेंट ने भारत के आध्यात्मिक और राजनीतिक क्षेत्रों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उन्होंने <"भगवद्गीता के अंग्रेजी अनुवाद "> का पहला संस्करण प्रकाशित किया |

## 1. प्रार्थना

### प्रार्थना

माँ शारदे कहाँ तू, वीणा बजा रही हैं,
किस मंजु ज्ञान से तू, जग को लुभा रही हैं ||
किस भाव में भवानी, तू मग्न हो रही है,
विनती नहीं हमारी, क्यों माँ तू सुन रही है |
हम दीन बाल कब से, विनती सुना रहें हैं,
चरणों में तेरे माता, हम सर झुका रहे हैं |
|| मां शारदे कहाँ तू, वीणा...||
अज्ञान तुम हमारा, माँ शीघ्र दूर कर दो,
द्रुत ज्ञान शुभ्र हम में, माँ शारदे तू भर दे |
बालक सभी जगत के, सूत मात हैं तुम्हारे,
प्राणों से प्रिय है हम, तेरे पुत्र सब दुलारे,
|| मां शारदे कहाँ तू, वीणा...||
हमको दयामयी तू,ले गोद में पढ़ाओ,
अमृत जगत का हमको,माँ ज्ञान का पिलाओ |
मातेश्वरी तू सुन ले, सुंदर विनय हमारी,
करके दया तू हर ले, बाधा जगत की सारी |
|| मां शारदे कहाँ तू, वीणा...||

### बिहार राज्य गीत

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे

वो नजर दे कि करुँ कद्र हरेक मजहब की
वो खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक

मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ

हौसला ऐसा ही दे गंग – जमन नाज करे
आधे रास्ते पे न रुक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

### छात्र प्रतिज्ञा

भारत मेरा देश है। हम सब भारतवासी भाई-बहन हैं। हमें अपना देश प्राणों से भी प्यारा है। इसकी समृद्धि और विविध संस्कृति पर हमें गर्व है। हम इसके सुयोग्य नागरिक बनने का प्रयत्न सदा करते रहेंगे. मैं अपने माता-पिता, शिक्षकों और गुरुजनों का आदर करूंगा और सबके साथ शिष्टता का व्यवहार करूंगा |
मैं अपने देश और देशवासियों के प्रति वफादार रहने की प्रतिज्ञा करता हूँ। उनके कल्याण और समृद्धि में ही हमारा सुख निहित है | जय हिंद!

### राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत भाग्य विधाता |
पंजाब-सिन्धु-गुजरात-मराठा
द्राविड़-उत्कल-बंग
विंध्य हिमाचल यमुना गंगा
उच्छल जलधि तरंग
तब शुभ नामे जागे, तब शुभ आशिष मांगे
गाहे तब जय-गाथा |
जन-गण-मंगलदायक जय हे भारत भाग्य विधाता
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे||

कैमूर चेतना सत्र
कैमूर चेतना सत्र

## 2. आज का सुविचार

"असफलता केवल यह साबित करती है कि आपने प्रयास किया | प्रयास न करना ही असली असफलता है |"

## 3. रोचक तथ्य

दुनिया का सबसे ऊँचा झरना एंजल फॉल्स वेनेजुएला में है, जिसकी ऊँचाई लगभग 979 मीटर है।

## 4. दिवस विशेष

**विश्व बाल देखभाल दिवस**

राष्ट्रीय बाल देखभाल दिवस आपको बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने का एक अवसर प्रदान करता है, चाहे वह बड़ा हो या छोटा।

## 5. आज का इतिहास

1831 – प्रसिद्ध वैज्ञानिक माइकल फैराडे ने विद्युत-चुंबकीय प्रेरण (Electromagnetic Induction) की खोज की।

1946 – प्रथम कांस फिल्म समारोह (Cannes Film Festival) का आयोजन हुआ।

1954 – भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर हुए।

## 6. सामान्य ज्ञान

"गीता रहस्य" पुस्तक किसने लिखी?
→ लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक

'हरित क्रांति' के जनक किसे कहा जाता है?
→ एम. एस. स्वामीनाथन

पीएम पोषण योजना के तहत किस कक्षा तक के विद्यार्थियों को भोजन दिया जाता है?
→ कक्षा 1 से 8 तक

पीएम पोषण योजना किस मंत्रालय के अंतर्गत संचालित होती है?
→ शिक्षा मंत्रालय

प्रधानमंत्री पोषण योजना (PM Poshan Yojana) किस योजना का नया नाम है? मिड-डे मील योजना

पीएम पोषण योजना का एक अन्य उद्देश्य क्या है?
☞ बच्चों में कुपोषण और भूख की समस्या को कम करना

बिहार में पीएम पोषण योजना के लिए अनाज किसके माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है?
☞ भारतीय खाद्य निगम (FCI)

बिहार में पीएम पोषण योजना के तहत बच्चों को सप्ताह में कितने दिन भोजन उपलब्ध कराया जाता है?
☞ सप्ताह में 6 दिन (सोमवार से शनिवार तक)

विंग्स ऑफ़ फायर किसकी रचना है ?
डॉ एपीजे अब्दुल कलाम

कैमूर चेतना सत्र

## 7. शब्द ज्ञान

### हिंदी शब्दों के अर्थ

Inspiration – प्रेरणा
Freedom – स्वतंत्रता
Knowledge – ज्ञान
Courage – साहस
Success – सफलता

## 8. तर्क ज्ञान

श्रृंखला पूरी कीजिए:2, 4, 8, 16, ___, ___→ उत्तर: 32, 64

## 9. कंप्यूटर ज्ञान

इंटरनेट को "नेटवर्क का नेटवर्क" क्यों कहा जाता है?
→ क्योंकि यह दुनिया के लाखों कंप्यूटर नेटवर्क को जोड़ता है।

कैमूर चेतना सत्र

## 10. सुरक्षित शनिवार

**महीना : सितम्बर** **तीसरा सप्ताह**

**विषय : भूकंप के खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी (मॉक ड्रिल)**

**आओ जानें :**

भूकंप बिना सूचना के आता है, जिसमें धरती हिलने लगती है।

भूकंप में लोगों की मौत, मकान या कोई संरचना के गिरने से होती है।

मकानों में रखे सामानों के गिरने से लोग घायल हो जाते हैं।

भूकंप से होने वाले नुकसान से बचने के लिए हमे झुको ढको पकड़ो" का निरंतर अभ्यास करना चाहिए।

**जरूरी बातें :**

**विद्यालय और घर में उन सामानों की पहचान करनी चाहिए जो गिरकर नुकसान पहुंचा सकते हैं |**

अभ्यास-

आओ देखें हमारी कक्षा और विद्यालय में कौन सी चीजें हैं जो भूकंप आने पर हमारे ऊपर गिर सकती हैं।

आज हम अपने घर में उन चीजों की सूची बनायेंगे जो भूकंप आने पर गिर सकती है और जिनसे हम सकती है।

अलमारी, टीवी, या जो सामान रास्तों पर रखे हैं, उन्हें वहाँ से हटा देना चाहिए।

**घरवालों के लिए संदेश**

**घर में बड़ों को बताओ :-**

बड़े और वजनी सामानों को आलमारी के निचले हिस्से में रखे।

घर में रखे सामानों को अच्छे से जकड कर रखना चाहिए।

कैमूर चेतना सत्र

## 11. बूझो तो जानें

**"ऐसी कौन सी चीज़ है जो बिना पंख के उड़ती है और बिना पैरों के दौड़ती है?"➡ उत्तर : समय**

# विभागीय सूचनाएं

कैमूर चेतना सत्र
कैमूर चेतना सत्र

- सभी मध्य विद्यालय और उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक इंस्पायर अवार्ड से संबंधित 05 बच्चों के प्रोजेक्ट को इंस्पायर अवार्ड के वेबसाइट पर नॉमिनेशन करते हुए पंजीकरण अनिवार्य रूप से दिनांक 30.09.2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे ।

- विभाग से प्राप्त निर्देश के अनुसार सभी मध्य विद्यालय विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं कक्षा 06-08 में गणित –विज्ञान पढ़ाने हेतु नामित शिक्षक को सूचित किया जाता है कि DIKSHA APP पर सितम्बर 2025 का MIP-3.5 किन्ही कारणों से लांच नहीं हो सका है । दिए गये निर्देश के अनुसार प्रोजेक्ट कक्षाओं में कराना शुरू कर दें । इसके साक्ष्य को उपलब्ध कराये गये google Form में अपलोड किया जायेगा। प्रखण्ड में अनुपस्थिति विवरणी जमा करते समय शपथ पत्र के साथ google फॉर्म की प्रति सलग्न कर जमा करेंगे । गूगल फॉर्म का लिंक: bit.ly/PBLSeptProj

- सभी प्राथमिक/मध्य विद्यालय और उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक U-Dise Plus पर नामांकित सभी छात्रों की इंट्री कराने के साथ-साथ उनके प्रोफाइल अपडेट के दौरान AP,EP,GP का कार्य दिनांक 22.09.2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।

- सभी संकुल समन्वयक और मूल्यांकन कर्ता अर्द्धवार्षिक परीक्षा की कॉपियों की जाँच दिनांक 19-09-2025 से 24.09-2025 तक हर हल में पूर्ण कराएँगे । और मार्क्स फोलियो साथ ही साथ अपडेट करते जायेंगे ।

- सभी प्राथमिक/मध्य/उच्च एवं प्राइवेट विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया जाता है कि यूथ एंड इको क्लब के वेबसाइट पर “एक पेड़ मा के नाम” के तहत अनिवार्य रूप से कम से कम 100 या अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगवाकर पोर्टल पर अपडेट कराएँ । कैमूर के विद्यालयों में पेड़ लगवाने की स्थिति बहुत ही ख़राब है ।

- सभी प्राथमिक/मध्य/उच्च एवं प्राइवेट विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 22.09.2025 तक अनिवार्य रूप स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (SHVR) पोर्टल पर अपने-अपने विद्यालय का रेटिंग विवरणी ऑनलाइन करना सुनिश्चित करेंगे ।

"हर सुबह एक नया सत्र, हर दिन एक नई प्रेरणा"

कैमूर चेतना - सत्र टीम
संपर्क सूत्र : 8271039022
9973725565